# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FIRST TERM EXAMINATION (15 September 2023)
### Class – IX
### Paper-Hindi Course - B (Set-A)

Time: 3hrs. M.M. 80

**सामान्य निर्देश:**

- **इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'।**
- **खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।**
- **निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।**
- **दोनों खंडों के कुल 19 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

खंड - अ

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए।** (5)

ऑनलाइन शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा शिक्षक घर बैठे इंटरनेट के माध्यम से देश के किसी भी कोने से विद्यार्थियों को पढ़ा सकते है। इसके अंतर्गत शिक्षक और विद्यार्थी उपयुक्त समय का चुनाव कर इंटरनेट के द्वारा एक-दूसरे से जुड़ जाते है। स्काइप, जूम, वहाट्सएप्प आदि विभिन्न माध्यमों को अपनाकर शिक्षक विद्यार्थी को सरलता से शिक्षा प्रदान कर सकते है। कुछ समय पहले तक ऑनलाइन शिक्षा उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों तक ही सीमित थी, परंतु वर्तमान में कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन के अंतर्गत सभी विद्यालय, महाविद्यालय आदि शैक्षणिक संस्थान बंद होने पर प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी भी ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने लगे। विद्यार्थियों की शिक्षा को निर्बाध रूप से बनाए रखने के लिए अधिकांश शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ऑनलाइन शिक्षा को प्रोत्साहन दिया गया।

ऑनलाइन शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न एप्स जैसे- जूम, गूगल सीट की सहायता से विडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग करके शिक्षक एक साथ कई विद्यार्थियों को घर बैठे शिक्षा प्रदान कर रहे है। इसके माध्यम से विद्यार्थी विषय को भली-भाँति समझ रहे है और यदि किसी विषय से संबंधित उन्हें कोई समस्या होती है, तो शिक्षक तुरंत उस समस्या का समाधान कर देते है। साथ ही विभिन्न विषयों से संबंधित शैक्षिक सामग्री : जैसे – वर्कशीट, नोट्स आदि उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थी अपनी शिक्षा को निरंतर जारी रख सकते है। अतः ऑनलाइन शिक्षा सुविधाजनक है। इससे समय की बचत होती है तथा विद्यार्थी की एकाग्रता क्षमता में वृद्धि होती है।

ऑनलाइन शिक्षा के लिए कंप्यूटर, लैपटॉप व स्मार्टफोन की उपलब्धता आवश्यक है। इनमें से किसी भी माध्यम से छात्र ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण कर सकते है। अधिकांश लोग सीमित आय वाले है। उनके लिए महँगे स्मार्टफोन खरीदना आसान नहीं है। इसके साथ सभी जगह इंटरनेट की गुणवत्ता अच्छी न होने के कारण ऑनलाइन शिक्षा बाधित होती है। शिक्षा ग्रहण करने हेतू विद्यार्थियों को अधिक समय तक फोन देखना पड़ता है, जिसके कारण आँखों में दर्द, माइग्रेन आदि शारीरिक समस्याएँ उत्पन्न होने का भय बना रहता है तथा मानसिक विकास भी अवरुद्ध होता है। अतः ऑनलाइन शिक्षा के सीमित और संतुलित उपयोग पर बल देना आवश्यक है।

1. शिक्षक घर बैठे किस माध्यम से देश के किसी भी कोने से विंद्यार्थियों को पढ़ा सकते है?

| | |
|---|---|
| क) फेसबुक के माध्यम से | ख) ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से |
| ग) ऑफलाइन शिक्षा के माध्यम से | घ) पत्राचार के माध्यम से |

A-1

2. ऑनलाइन शिक्षा में किसके द्वारा शिक्षक और विद्यार्थी परस्पर जुड़े है?

क) इंटरनेट के द्वारा ख) तार द्वारा ग) टैलीफोन द्वारा घ) इनमें से कोई नहीं

3. कथन A कुछ समय पहले ऑनलाइन शिक्षा किसके लिए थी?

कारण R उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों के लिए

क) कथन A सही है, लेकिन कारण R कथन A की गलत व्याख्या करता है।

ख) कथन A और कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

ग) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।

घ) कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।

4. वर्तमान में किसके कारण सभी शैक्षणिक संस्थान बंद हो गए?

क) कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन के कारण

ख) अध्यापकों की हड़तालों के कारण

ग) विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रति उदासीनता के कारण

घ) चुनावों के कारण

5. ऑनलाइन शिक्षा के कारण किसका भय बना रहता है?

1. विद्यार्थियों की आँखों में दर्द की समस्या उत्पन्न होने का
2. माइग्रेन आदि बीमारियाँ होने का
3. मानसिक विकास का अवरुद्ध होने का
4. उपरोकत सभी

क) केवल 1 सही है ख) केवल 2 सही है ग) केवल 3 सही है घ) 1, 2 और 3 सही है

**2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए** (5)

जिस देश को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, जहाँ कभी दूध की नदियाँ बहा करती थीं, वहाँ आज असंख्य लोगों को रहने के लिए घर, तन ढकने के लिए वस्त्र और खाने के लिए भोजन भी नहीं मिल पाता। इसका एकमात्र कारण है - जनसंख्या को अत्यधिक वृद्धि। यद्यपि जनसंख्या किसी राज्य का प्रमुख तत्व है, उसके बिना किसी राज्य एवं जाति की कल्पना नहीं की जा सकती, किंतु 'अति सर्वत्र वर्जयेत्।' भारतवर्ष में जनसंख्या की अत्यधिक वृद्धि के कुछ विशेष कारण है, जिसमें बाल-विवाह, बहु-विवाह, अशिक्षा, रूढ़िवादिता, ग्रामीण-क्षेत्रों में परिवार-नियोजन के नवीनतम साधनों का कम प्रचार व अनभिज्ञता, पुत्र की अनिवार्यता आदि शामिल है। जनसंख्या वृद्धि के कारण भारत में सर्वत्र अशिक्षा, गरीबी, बेराजगारी, निम्न जीवन-स्तर, अस्वस्थता, खाद्यान संकट आदि अनेक समस्याएँ निरंतर बढ़ रही है। जनसंख्या का यह विस्फोट भारत के लिए अभिशाप बन गया है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री माल्थस का विचार है कि 'जनसंख्या की वृद्धि ज्यामितीय गति से होती है, जबकि उत्पादन अंकगणितीय गति से।' प्रथम पंचवर्षीय योजना में परिवार नियोजन कार्यक्रम केवल शहरी अस्पतालों तक ही सीमित रहा। द्वितीय पंचवर्षीय योजना में इन कार्यक्रमों को गाँव तक पहुँचाने की चेष्टा की गई।

1. आज भारत में बहुत से लोगों को घर, वस्त्र और भोजन की आपूर्ति नहीं जो पाती, क्योंकि

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

1) जनसंख्या वृद्धि अत्यंत तीव्र गति से हो रही है जबकि उत्पादन बहुत की कम मात्रा में हो रहा है।

2) जनसंख्या वृद्धि ज्यामितीय गति से, जबकि उत्पादन अंकगणितीय गति से वृद्धि करता है।

3) नवीनतम साधन अनुपलब्ध है।

4) जनसंख्या वृद्धि अंकगणितीय गति से तथा उत्पादन ज्यामितीय गति से वृद्धि करता है।

कूट

क) केवल 1 सही है।   ख) केवल 3 सही है।

ग) 2 और 4 सही है।   घ) 1 और 3 सही है।

2. द्वितीय पंचवर्षीय योजना में इन कार्यक्रमों को कहाँ तक पहुँचाने की चेष्टा की गई।

क) शहरों तक   ख) विदेशों तक   ग) गाँव तक   घ) इनमें से कोई नहीं।

3. गद्यांश के आधार पर बताइए कि भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारण कौन-सी समस्याएँ उत्पन्न हुई है?

क) अशिक्षा   ख) गरीबी   ग) बेरोजगारी   घ) ये सभी

4. प्रथम पंचवर्षीय योजना के दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम की क्या स्थिति थी?

क) यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सफल रहा

ख) ये केवल शहरी अस्पतालों तक ही सीमित रहा

ग) यह केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक फैला

घ) यह न तो शहरी और न ही ग्रामीण क्षेत्रों में सफल रहा

5. कथन A जनसंख्या का विस्फोट भारत के लिए अभिशाप बन गया है।

कारण R भारत में हर जगह खाद्यान्न, निवास, अस्वस्थता आदि अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो गई है।

क) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।

ख) कथन A और कारण R दोनों गलत है।

ग) कथन A सही है, लेकिन कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

घ) कथन A सही है और कारण R कथन A की गलत व्याख्या करता है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।** **(1 x 2 = 2)**

(i) जब कोई शब्द वाक्य में प्रयोग होता है तो वह क्या बन जाता है ? .

(क) पद   (ख) शब्द   (ग) इकाई   (घ) वाक्य

(ii) रमेश स्कूल जाता है। वाक्य में रेखांकित शब्द को क्या कहेंगे।

(क) शब्द   (ख) वर्ण   (ग) पद   (घ) समास

**4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।** **(1 x 2 = 2)**

(i) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द सही अनुस्वार युक्त है ?

(क) रकं   (ख) कठं   (ग) शंका   (घ) कधां

(ii) निम्नलिखित में से किस शब्द में अनुनासिक का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(क) माँ   (ख) महँगाई   (ग) संविधान   (घ) फूँकना

(iii) अनुनासिक की दृष्टि से निम्न में से कौन सा शब्द सही है ?

(क) अँधेरा   (ख) अंधेरा   (ग) अधेंरा   (घ) अधेरॉ

**5. निम्नलिखित में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।** **(1 x 4 = 4)**

(i) सहमति शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

(क) सहम   (ख) इति   (ग) सह   (घ) स

(ii) आ उपसर्ग से बना शब्द कौन - सा नहीं है ?

(क) आना (ख) आगमन (ग) आमरण (घ) आजीवन

(iii) शाली प्रत्यय कौन -से शब्द में नहीं है ?

(क) भाग्यशाली (ख) शक्तिशाली (ग) सौभाग्यशाली (घ) माशाली

(iv) दिखावा शब्द में से प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करें।

(क) दि + खावा (ख) दिख + आवा (ग) दिखा + वा (घ) दिखा + खावा

(v) अपमानित शब्द में कौन - सा प्रत्यय लगा हुआ है ?

(क) नित (ख) अनित (ग) इत (घ) अप

6. **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो।** (1 x 3 = 3)

(i) पुस्तकालय शब्द का संधि विच्छेद है।

(क) पुस्तका + आलय (ख) पुस्तक + अलय (ग) पुस्तका + लय (घ) पुस्तक + आलय

(ii) अत्याचार शब्द का संधि विच्छेद है।

(क) अति + अचार (ख) अती + आचार (ग) अति + आचार (घ) अतिअ + चार

(iii) गोल + आकार .की संधि कीजिए

(क) गोलाकार (ख) गोलकार (ग) गोलकर (घ) गौलाकार

(iv) महा + उत्सव की संधि कीजिए।

(क) महात्सव (ख) महोत्सव (ग) महाउत्सव (घ) महौत्सव

7. **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (1 x 3 = 3)

(i) निम्नलिखित में से कौन -सा योजक चिन्ह है।

(क) । (ख) , (ग) - (घ) " "

(ii) जहां पूर्ण विराम की अपेक्षा कम रुकना अपेक्षित हो वहां ......... चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(क) अर्धविराम (ख) अल्पविराम (ग) संक्षेप चिन्ह (घ) कोष्टक

(iii) विराम चिह्न की दृष्टि से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

क) वह ईमानदार, परिश्रमी, कर्मठ और मृदुभाषी है।

ख) उसके पास धन-वैभव, नौकर-चाकर आदि सभी कुछ था।

ग) हाँ मेरा यही विचार है।

घ) आप हमारे घर आना चाहते है, तो आइए ठहरना चाहते है, तो ठहरिए।

(iv) आकाश-पाताल के बीच लगने वाला (-) चिह्न है

क) अल्पविराम ख) विस्मयादिबोधक ग) योजक चिह्न घ) उद्धरण चिह्न

8. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (1 x 2 = 2)

(i) देश में आतंकवादियों का खौफ शायद अभी भी है। अर्थ की दृष्टि से वाक्य के भेद बताए।

(क) आज्ञा वाचक (ख) विधान वाचक (ग) इच्छा वाचक (घ) संदेह वाचक

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से विस्मयवाचक वाक्य छाँट कर लिखें।

(क) अरे वाह ! आपके पास मधुर वाणी है। (ख) शायद आपके पास मधुर वाणी है।

(ग) क्या आपके पास मधुर वाणी है ? (घ) आपके पास मधुर वाणी है।

(iii) अनेक बार देखा कि केवल थोड़ी दूर के बाद कोई ऊँची चढ़ाई नहीं है। अर्थ की दृष्टि से वाक्य का भेद बताइए

(क) विधान वाचक (ख) संदेह वाचक (ग) आज्ञा वाचक (घ) निषेधवाचक

२. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1 x 5 = 5)

गाकर गीत विरह के तटिनी
वेगवती बहती जाती है,
दिल हलका कर लेने को
उपलों से कुछ कहती जाती है।
तट पर एक गुलाब सोचता,
"देते स्वर यदि मुझे विधाता,
अपने पतझर के सपनों का
मैं भी जग को गीत सुनाता।"
गा-गाकर बह रही निर्झरी,
पाटल मूक खड़ा तट पर है।
गीत, अगीत, कौन सुंदर है?

1) प्रस्तुत पद्यांश में कवि द्वारा किसका वर्णन किया जा रहा है?

1. नायिका के सौंदर्य का 2. कवि की भावनाओं का
3. प्रकृति की सुंदरता का 4. मजदूर की विवशता का

कूट

क) केवल 1 सही है ख) केवल 2 सही है ग) केवल 3 सही है घ) केवल 4 सही है

2) कवि ने प्रस्तुत पद्यांश में किस प्रकार का तुलनात्मक प्रश्न किया है?

क) नदी और समुद्र में से कौन बड़ा है?
ख) पहाड़ और टीले में कौन विशाल है?
ग) नायक और नायिका में से कौन सुंदर है?
घ) गीत और अगीत में से कौन सुंदर है?

3) नदी अपने मन की व्यथा किससे कहती है?

क) किनारे खड़े वृक्ष से ख) किनारे पड़े पत्थरों से
ग) कविता रचने वाले कवि से घ) किनारे खड़े गुलाब के फूल से

4) कथन A यदि गुलाब को ईश्वर ने स्वर प्रदान किए होते तो वह क्या करता?
कारण R दुःख भरे पतझड़ के दिनों में देखे गए अपने सपनों का गीत पूरे संसार को सुनाता।

क) कथन A सही है, लेकिन कारण R कथन A की गलत व्याख्या करता है।
ख) कथन A और कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।
ग) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।
घ) कथन A और कारण R दोनों गलत है।

5) पद्यांश के अनुसार, नदी के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?

क) नदी वेगवती है
ख) नदी वियोग के गीत गाती है
ग) नदी कल-कल करती हुई किनारों से टकराती आगे बढ़ती है
घ) नदी की दिशा निश्चित होती है।

A-5

**10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (1 x 2 = 2)

(i) कवि रहीम के अनुसार प्रेम का धागा क्यों नहीं तोड़ना चाहिए?

क) क्योंकि एक बार धागा टूट जाने पर उसे जोड़ना कठिन होता है

ख) क्योंकि उसमें गाँठ लगाना आसान होता है

ग) क्योंकि उसमें गाँठ लगाने से संबंध मजबूत होते है

घ) क्योंकि वह धागा बहुत मजबूत होता है

(ii) कवि ने चकोर पक्षी से किस की तुलना की है।

क) कवि की प्रियसी से ख) बादल चंद्रमा से ग) सांसारिक मोह माया से घ) भक्त से

**11 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए।** (1×5=5)

ल्हादू हमारे पीछे-पीछे आ रहा था और जब हम दक्षिणी शिखर के नीचे आराम कर रहे थे, वह हमारे पास पहुँच गया। थोड़ी-थोड़ी चाय पीने के बाद हमने फिर चढ़ाई शुरू की। ल्हादू एक नायलॉन की रस्सी लाया था। इसलिए अंगदोरजी और मैं रस्सी के सहारे चढ़े, जबकि ल्हादू एक हाथ से रस्सी पकड़े हुए बीच में चला। उसने रस्सी अपनी सुरक्षा की बजाय हमारे संतुलन के लिए पकड़ी हुई थी। ल्हादू ने ध्यान दिया कि मैं इन ऊँचाइयों के लिए सामान्यतः आवश्यक चार लीटर ऑक्सीजन की अपेक्षा, लगभग ढाई लीटर ऑक्सीजन प्रति मिनट की दर से लेकर चढ़ रही थी। मेरे रेगुलेटर पर जैसे ही उसने ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाई, मुझे महसूस हुआ कि सपाट और कठिन चढ़ाई भी अब आसान लग रही थी।

(i) गद्यांश के आधार पर बताइए कि ल्हादू कौन था? (1)

(क) पर्वतारोही दल का महत्त्वपूर्ण सहायक

(ख) अंगदोरजी का छोटा भाई

(ग) लेखिका का गुरु

(घ) कैंप की देख-रेख करने वाला व्यक्ति

(ii) ल्हादू नायलॉन की रस्सी क्यों लाया था? (1)

(क) पर्वत पर चढ़ने के लिए (ख) स्वयं की सुरक्षा के लिए

(ग) आग जलाने के लिए (घ) सामान बाँधने के लिए

A-6

(iii) ल्हाटू ने रस्सी को किसकी सुरक्षा के लिए पकड़ा हुआ था? (1)

1. अंगदोरजी की
2. लेखिका की
3. सामान बाँधने
4. जय की

कूट
(क) केवल 1 सही है
(ख) केवल 2 सही है
(ग) 1 और 2 सही है
(घ) 3 और 4 सही है

(iv) लेखिका इतनी ऊँचाइयों पर कितने लीटर ऑक्सीजन की दर से चढ़ रही थी? (1)

(क) दो लीटर (ख) एक लीटर
(ग) तीन लीटर (घ) ढाई लीटर

(v) अधिक ऊँचाई चढ़ते हुए शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है? (1)
(क) ऑक्सीजन की कमी महसूस होने लगती है
(ख) साँसें तेज-तेज चलने लगती है
(ग) थकावट बिल्कुल नहीं होती
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1 x 2 = 2)

(i) भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था ?

(क) मजदूरी करके (ख) परचून की दुकान लगाकर
(ग) फेरी लगाकर सामान बेचकर (घ) सब्जी-फल बेचकर

(ii) भावनाएं गालियों का स्वरूप ग्रहण कर चुकी, पर तुम जा नहीं रहे। वाक्य लेखक ने किसे संबोधित करते हुए लिखा
(क) अपनी पत्नी को (ख) अपने बेटे को (ग) अतिथि को (घ) अपनी भावनाओं को

## खंड-ख वर्णनात्मक प्रश्न

13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3 x 2 = 6)

(क) बुढ़िया के परिवार का वर्णन करें तथा बुढ़िया को अपने छन्नी ककना क्यों बेचने पड़े ?

(ख) एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेंद्री पाल ने क्या किया ? और लेखिका की सफलता पर कर्नल खुल्लर ने क्या कहकर बधाई दी ?

(ग) अतिथि को जाने के लिए लेखक ने किस-किस तरह के संकेत दिए ?

14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए। (3 x 2 = 6)

(क) रैदास अपने पदों द्वारा हमें क्या संदेश देना चाहते हैं ?

(ख) कवि रहीम के अनुसार प्रेम के धागे को क्या नहीं करना चाहिए और धागा टूटने से क्या अभिप्राय है ?

(ग) प्रेमिका प्रेमी का गीत कैसे सुनती है और क्यों गीत-अगीत कविता के आधार पर लिखिए ?

15. **निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (3 x 2 = 6)

(क) गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया ?

(ख) स्मृति पाठ को पढ़ने के बाद किन-किन बाल सुलभ शरारतों के विषय में पता चलता है ? उन्हें लिखिए।

(ग) स्मृति पाठ में लेखक ने क्या काम किया ? जिससे वह भारी मुसीबत में फंस गया ?

16. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए**

**(क) बढ़ती जनसंख्या : एक गंभीर समस्या** (6)

संकेत बिंदु : विकराल समस्या, दुष्परिणाम, कारण, उपाय

**(ख) कंप्यूटर : आज की जरूरत**

संकेत बिंदु : कंप्यूटर - मस्तिष्क यंत्र, अनेक क्षेत्रों में लाभकारी, कार्यप्रणाली, योजना ही सफलता का आधार

**(ग) कामकाजी नारी का एक दिन**

संकेत बिंदु : दिन का प्रारंभ, दिनभर की व्यस्तता, घरेलू मोर्चे पर

17. खोया हुआ सामान वापस लौटने के लिए किसी अपरिचित को धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए। (6)

**(अथवा)**

विदेश यात्रा पर जाने वाले मित्र को उसकी मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए पत्र लिखिए।

18. **नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य /घटना का वर्णन अपने कल्पना शक्ति के आधार पर कीजिए जिसका सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए।** (5)




19. कामचोर नौकर व सख्त मालकिन के बीच होने वाले संवाद को 100 शब्दों में लिखें। (5)

**(अथवा)**

दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दो महिलाओं के बीच लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए।

**FIRST TERM EXAMINATION (15 September 2023)**
**Class - IX**
**Paper-Hindi Course - B (Set-B)**

**Time: 3hrs.** **M.M. 80**

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 19 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खंड - अ

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए।** **(5)**

आज के आधुनिक समय में महिला सशक्तिकरण एक विशेष चर्चा का विषय है। हमारे आदि-ग्रंथों में नारी के महत्त्व को मानते हुए यहाँ तक बताया गया है कि "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता:" अर्थात् जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं।

लेकिन विडंबना तो देखिए नारी में इतनी शक्ति होने के बावजूद भी उसके सशक्तिकरण की अत्यंत आवश्यकता महसूस हो रही है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का अर्थ उनके आर्थिक फैसलों, आय, संपत्ति और दूसरी वस्तुओं की उपलब्धता से है, इन सुविधाओं को पाकर ही वह अपने सामाजिक स्तर को ऊँचा कर सकती है। महिला सशक्तिकरण भौतिक या आध्यात्मिक, शारीरिक या मानसिक, सभी स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण में शिक्षा की अहम भूमिका है। ग्रामीण महिलाएँ सदियों से घर-खेत में पुरुषों के बराबर ही काम करती आई है, लेकिन वहाँ उन्हें सामंती सोच के कारण दूसरे दर्जे का नागरिक ही माना जाता रहा है।

ग्रामीण समाज की सोच बदलने का वक्त अब आ गया है। महिलाओं की बेहतरी के लिए गाँवों में पहल की जानी चाहिए। नारी सशक्तिकरण के इस वर्तमान दौर में महिलाएँ केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ ही नहीं हुई, अपितु समाज एवं परिवार की सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देने प्रारंभ हो गए है। आज महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में स्वयं के बल पर आगे बढ़ रही है, चाहे सामाजिक क्षेत्र हो, राजनीतिक हो, शिक्षा हो, रोजगार हो, सभी जगह महिलाओं ने अपना परचम लहराया है। वर्तमान समय में लोग बेटियों को बोझ न समझे और दुनिया में आने से पहले मारे नहीं, इसलिए सरकार ने बहुत सारी योजनाओं: जैसे- लाडली योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा उड़ान आदि की शुरुआत की है।

1. कथन A महिला सशक्तिकरण से क्या तात्पर्य है?
   कारण R महिलाओं को भौतिक तथा आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना, शारीरिक तथा मानसिक रूप से सशक्त बनाना और महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करना।

क) कथन A सही है, लेकिन कारण R कथन A की गलत व्याख्या करता है।
ख) कथन A और कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।
ग) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।
घ) कथन A और कारण R दोनों गलत है।

B-1

2. ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को किस तरह का नागरिक माना जाता रहा है?

क) उच्च दर्जे का  ख) दूसरे दर्जे का  ग) मध्यम दर्जे का  घ) इनमें से कोई नहीं

3. आज के समय में महिलाओं की स्थिति क्या है?

क) आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो गई है

ख) महिलाओं के प्रति समाज में सकारात्मक परिवर्तन दिख रहे है

ग) आज महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में स्वयं के बल पर आगे बढ़ रही है

घ) उपरोक्त सभी

4. वर्तमान में महिलाओं ने अपना परचम किस क्षेत्र में लहराया है?

क) सामाजिक क्षेत्र में  ख) राजनीतिक क्षेत्र में

ग) शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में  घ) उपरोक्त सभी

5. वर्तमान समय में महिलाओं के लिए सरकार ने कौन-सी योजना चलाई है?

1. लाड़ली योजना  2. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

3. उड़ान्  4. पुरुषों के बराबर अधिकार

कूट

क) 1 और 4 सही है  ख) 1, 2 और 4 सही है

ग) 2, 3 और 4 सही है  घ) 1, 2 और 3 सही है

**2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5)**

संसार में कुछ भी असाध्य नहीं है। कुछ भी असंभव नहीं है इच्छाशक्ति, परिश्रम और अभ्यास द्वारा असंभव को भी संभव किया जा सकता है। असंभव असाध्य आदि शब्द कायरों के लिए हैं। नेपोलियन के लिए ये शब्द उसके कोष में ही नहीं थे। नेपोलियन के कई ऐसे उदाहरण दिए जाते हैं जिनमें उसने दृढ इच्छाशक्ति से असंभव काम को भी संभव किया। एक बार नेपोलियन युद्ध के दौरान आल्पस पर्वत के पास सेना सहित पहुँचे तथा मार्ग की जानकारी के लिए जब नेपोलियन पास में ही रहने वाली एक वृद्ध महिला के पास पहुँचे तो नेपोलियन की बात सुनकर उसने कहा- पहले भी कई लोग इस पहाड़ पर चढ़ने का असफल प्रयास कर चुके हैं, लेकिन उस वृद्ध महिला की बात से नेपोलियन परेशान नहीं हुआ। क्योंकि उसके लिए असंभव शब्द का कोई वजूद नहीं था। वृद्ध महिला नेपोलियन के इस विश्वास को देखकर हैरान थी। उसने नेपोलियन को सफलता का आशीर्वाद दिया और नेपोलियन बोनापार्ट ने सेना सहित उस पर्वत को पार किया।

साहस के पुतले बापू ने विश्व को चकित कर दिया। क्या बापू शरीर से शक्तिशाली थे नहीं वे तो पतले-से एक लॅंगोटी पहने लकड़ी के सहारे चलते थे, परंतु उनके विचार सशक्त थे, भावनाएँ शक्तिशाली थीं। उनके साहस को देखकर करोड़ों भारतीय उनके पीछे थे। ब्रिटिश साम्राज्य उनसे कॉंप गया। अहिंसा के सहारे बिना रक्तपात के उन्होंने भारत को स्वतंत्र कराया। यह विश्व का अद्वितीय उदाहरण है।

जब गॉंधीजी ने अहिंसा का नारा लगाया तो लोग हॅंसते थे। कहते थे अहिंसा से कहीं ब्रिटिश साम्राज्य से टक्कर ली जा सकती है, परंतु वे डटे रहे, साहस नहीं छोड़ा। अंत में अहिंसा की ही विजय हुई। कहते हैं अकेला चना क्या भाड़ फोड़ सकता है हॉं, फोड़ सकता है यदि उसमें साहस हो तो।

B-2

(i) संसार में सब कुछ संभव है

1. परिश्रम से 2. अभ्यास से 3. दृढ़ इच्छाशक्ति से 4. असाध्य से

कूट

(क) 1 और 2 सही हैं। (ख) 2 और 3 सही हैं।

(ग) 3 और 4 सही हैं। )घ) 1, 2, 3 और 4 सही हैं।

(ii) नेपोलियन के शब्दकोश मे क्या नही था?

क) साध्य शब्द ख) संभव शब्द ग) असंभव शब्द घ) परिश्रम शब्द

(iii) गाँधी जी ने किसका नारा लगाया था?

क) हिंसा का ख) अहिंसा का ग) सहयोग का घ) शक्ति का

(iv) गाँधी जी का व्यक्तित्व कैसा था?

क) शरीर दुर्बल था ख) लँगोटी पहनते थे

ग) लकड़ी के सहारे चलते थे ग) उपरोक्त सभी

(v) गाँधी जी ने किस कहावत को बलत सिद्ध कर दिया?

क) दूर के ढोल सुहावने होते है ख) अधजल गगरी छलकत जाय

ग) अकेला चना क्या भाड़ फोड़ सकता है घ) घर का भेदी लंका ढावे

3 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।** **(1 X 2 = 2**

( i ) प्रत्येक स्वतंत्र एवं सार्थक वर्ण समूह क्या कहलाता है ?

( क ) पद ( ख ) वाक्य ( ग )संज्ञा (घ )शब्द

(ii ) यह मेरी <u>पुस्तक</u> है । इस वाक्य में रेखांकित शब्द क्या है ?

(क ) शब्द (ख ) पद ( ग ) वाक्य ( घ )सर्वनाम

4 **निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।** **(1x 2 = 2)**

( i ) अनुनासिक युक्त सही विकल्प का चयन कीजिए ।

( क ) पांव ( ख ) नदियाँ ( ग ) लहगाँ ( घ ) साँप

(ii ) जिसके उच्चारण में हवा केवल नाक से निकलती है उसे क्या कहते हैं ?

(क ) स्वर ( ख ) व्यंजन ( ग )अनुस्वार (घ )अनुनासिक

(i i i ) अनुनासिक क्या है ?

(क ) स्वर ( ख )व्यंजन ( ग ) संज्ञा ( घ ) क्रिया

5 **निम्नलिखित में से किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।** **(1x 4 = 4)**

(i ) (चिरकाल ) शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

(क) चि ( ख ) काल ( ग ) चिर ( घ ) चीर

(ii ) ( प्र )उपसर्ग से बना शब्द कौन -सा है ?

(क ) परिचर्चा ( ख ) पराजय ( ग ) प्रगति (घ ) परिवेश

B-3

(iii) (नि) उपसर्ग कौन -से शब्द में नहीं है ?

(क) निर्जन (ख) निवास (ग) निवारण (घ) निबंध

(iv) भूला शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है ?

(क) भू (ख) आ (ग) भूल (घ) सभी

(v) ईला प्रत्यय कौन -से शब्द में नहीं है ?

(क) रंगीला (ख) चमकीला (ग) रसीला (घ) नीला

6 **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1 x 3 = 3)**

(i) 'पवन' का सन्धि-विच्छेद कौन सा है?

क) पव + अन ख) पो + अन ग) पव + न घ) पो + आन

(ii) 'अभि + उदय की सन्धि कीजिए।

क) अभ्युदय ख) अभ्योदय ग) अभीउदय घ) अभिउदय

(iii) सु + अच्छा की संधि करें

क) सवचछ ख) स्वच्छ ग) सुवचछ घ) सवच्छ

(iv) 'कवीश्वर' शब्द का सही सन्धि-विच्छेद बताइए।

क) कवि + ईश्वर ख) कविश + वर ग) कवि + इश्वर घ) कवी + ईश्वर

7 **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1 x 3 = 3)**

(1) प्रत्येक वाक्य की समाप्ति पर लगता है -

(क) अल्पविराम (ख) अर्धविराम (ग) पूर्ण विराम (घ) निर्देशक

(ii) अच्छा, अब मैं चलता हूँ वाक्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है?

क) अर्द्ध विराम ख) अल्प विराम ग) विर्देशक चिह्न घ) हंसपद चिह्न

(iii) (!) किस विराम चिह्न का चिह्न है?

क) विस्मयादि बोधक ख) उद्धरण चिह्न ग) अल्पविराम घ) प्रश्नवाचनक चिह्न

(iv) किसी बड़े नाम को संक्षिप्त करके लिखने के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है,

क) लाघव चिह्न ख) उद्धरण चिह्न ग) 'अल्प विराम घ) पूर्ण विराम

8. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1 x 2 = 2)**

(i) मैं अपनी बात का अनुमोदन करता हूं।अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन - सा भेद है ?

(क) विधान वाचक (ख) आज्ञा वाचक (ग) संकेत वाचक (घ) प्रश्नवाचक

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से संदेह वाचक वाक्य कौन -सा है।

(क) क्या हम अपने हर कदम की जानकारी बेस कैंप पर दे सकते हैं ?

(ख) हम अपने हर कदम की जानकारी बेसकैंप में देंगे।

(ग) हो सकता है हम अपने प्रत्येक कैंप की जानकारी बेस कैंप को दें।

(घ) हम अपने हर कदम की जानकारी बेस कैंप पर नहीं दे रहे हैं।

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में से निषेधवाचक वाक्य कौन -सा है ?

(क) क्या शोक तथा गम मनाने के लिए सहूलियत चाहिए ?

(ख) शोक तथा गम मनाने के लिए शायद सहूलियत चाहिए।

(ग) शोक तथा गम मनाने के लिए कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

(घ) अरे ! शोक तथा गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए।

9 **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए।** **(1×5=5)**

"नाद रीझि तन देत मृग, नर घर हेत समेत।
ते रहीम पशु से अधिक, रीझेहु कछु न देत।।"

1) नाद की स्वर लहरी पर प्रसन्न होकर हिरण क्या करता है?

1) खुशी से नाच उठता है

2) जंगल में जाकर छिप जाता है

3) अपने प्राण न्योछावर कर देता है

4) हिरनी को खोज निकालता है

कूट

क) केवल 1 सही है ख) केवल 2 सही है ग) केवल 3 सही है घ) केवल 4 सही है

2) रहीम ने मनुष्य और पशु में से किसे अच्छा माना है?

क) मनुष्य को

ख) पशु को

ग) 'क' और 'ख' दोनों

घ) न पशु को, न मनुष्य को

(iii) जो मनुष्य किसी व्यक्ति की कला पर प्रसन्न होकर उसे कुछ नहीं देता वह किसके समान होता है?

1. पशु के समान
2. पशु से भी अधिक निम्न
3. कंजूस व्यक्ति के समान
4. साधारण मनुष्य के समान

कूट

(क) केवल कथन 1 सही है
(ख) केवल कथन 2 सही है
(ग) केवल कथन 3 सही है
(घ) केवल कथन 4 सही है

(iv) प्रस्तुत दोहे के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

(क) मनुष्य और पशु समान हैं
(ख) मनुष्य को कला की कद्र करनी चाहिए
(ग) हिरण को संगीत प्रिय होता है
(घ) कला केवल मनुष्य के लिए बनी है

(v) किसी व्यक्ति की योग्यता का गुण से प्रसन्न होने पर अन्य मनुष्यों का क्या धर्म होना चाहिए?

(क) उसे गुणी व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रेमपूर्वक दान या धन अर्पित करना चाहिए
(ख) उसे भी उस गुण को सीखने का प्रयास करना चाहिए
(ग) उसे गुणी व्यक्ति से ईर्ष्या-द्वेष का भाव रखना चाहिए
(घ) उपरोक्त सभी

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1×2=2)**

1) गुलाब के मन में किस बात की कसक है?

क) उसकी पंखुड़ियाँ क्यों झड़ जाती है
ख) वह दोबारा कली क्यों नही बन सकता
ग) उस पर काँटे क्यों होते है?
घ) विधाता ने उसे स्वर क्यों नहीं दिया

(ii) नदी किस प्रकार के गीत गाती है?

(क) संतुष्टि के
(ख) प्रेम के
(ग) विरह के
(घ) ईर्ष्या के

11. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए। (1×5=5)

लड़के की बुढ़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई। झाड़ना-फूँकना किया। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए। घर में जो कुछ बचा हुआ अनाज था, दान-दक्षिणा में उठ गया। माँ, बहू और बच्चे 'भगवाना' से लिपट-लिपटकर रोए, पर भगवाना जो एक दफे चुप हुआ तो फिर न बोला। सर्प के विष से उसका सब बदन काला पड़ गया था।

जिंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए? उसके लिए तो बजाज की दुकान से नया कपड़ा लाना ही होगा, चाहे उसके लिए माँ के हाथों के छन्नी-ककना ही क्यों न बिक जाएँ।

(i) लड़के की बूढ़ी माँ ओझा को क्यों बुला लाई थी? (1)
(क) टोने-टोटके करवाने के लिए
(ख) साँप का जहर उतरवाने के लिए
(ग) बेटे का दिमाग सही करवाने के लिए
(घ) बहू का इलाज करवाने के लिए

(ii) ओझा ने आकर क्या कार्य किया? (1)
(क) झाड़-फूँक किया
(ख) नागदेव की पूजा की
(ग) दान-दक्षिणा माँगी
(घ) उपरोक्त सभी

(iii) भगवाना चुप क्यों हो गया था? (1)
(क) साँप के काटने के कारण
(ख) बच्चों के रोने के कारण
(ग) माँ द्वारा दान-दक्षिणा करने के कारण
(घ) उपरोक्त सभी

(iv) **कथन** (A) 'जिंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए?'
**कारण** (R) अर्थी को ढकने हेतु कफन आवश्यक रूप से चाहिए, चाहे कफन कैसा भी हो। (1)

(क) कथन (A) लेकिन कारण (R) दोनों गलत है।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(v) घर में रखा अनाज कहाँ चला गया? (1)
(क) चोरी हो गया
(ख) दान-दक्षिणा में चला गया
(ग) दुकान वाला ले गया
(घ) भगवाना के साथ चला गया

12. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (1x 2 = 2)

(i) (एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा) 'पाठ के अनुसार नेपालियों में सागरमाथा के नाम से कौन प्रसिद्ध है ?

(क) हिमालय (ख) एवरेस्ट (ग) अरावली (घ) विंध्याचल

(ii) लेखक ने पहले दिन अतिथि की मेहमान नवाजी कैसे की थी ?

(क) अपने बजट के अनुसार
(ख) अपनी हैसियत से बढ़कर अच्छे-अच्छे व्यंजन बनाकर
(ग) साधारण -सा भोजन बनाकर
(घ) अनमने मन से बेरुखी के साथ

**खंड - ब (वर्णनात्मक प्रशन)**

13. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए।** (3 x2 =6)

(क) मनुष्य का सामाजिक दर्जा उसकी पोशाक से तथा उसकी आर्थिक स्थिति से निर्धारित होता है क्या यह उचित है अपना मत प्रस्तुत कीजिए।

(ख) हिमपात किस तरह का होता है और उससे क्या-क्या परिवर्तन आते हैं ?

(ग) उपवास रखने की बात लेखक ने क्यों सोची (तुम कब जाओगे अतिथि) पाठ के आधार पर लिखिए।

14. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए।** (3 x 2 = 6)

(क) रैदास ने प्रभु को चांद वह स्वयं को चकोर क्यों माना है ?

(ख) कवि रहीम मन की व्यथा को मन में ही रखने की सलाह क्यों देते हैं ?

(ग) नदी अपने किनारों को कैसे गीत सुनाते हुए आगे बढ़ती है? उसके बहकर जाने पर गुलाब क्या सोचता है?

15. **निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (3 x2 =6)

(क) गिल्लू किन अर्थों में परिचारिका की भूमिका निभा रहा था ?

(ख) सांप का ध्यान बंटाने के लिए लेखक ने क्या-क्या युक्तियां अपनाई ?

(ग) गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया ?

16 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए (6)

(क ) वह सड़क दुर्घटना

संकेत बिंदु : दुर्घटना कब कहां, दुर्घटना स्थल का दृश्य , मैं क्या कर पाया

(ख ) छात्र और अनुशासन

संकेत बिंदु : अनुशासन का अर्थ और महत्व , व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के लिए अनुशासन आवश्यक, छात्र जीवन में अनुशासन

(ग ) बेरोजगारी की समस्या

संकेत बिंदु : देश की समस्याएं , बेरोजगारी का मतलब , बेरोजगारी के कारण , बेरोजगारी दूर करने के उपाय

17 आपके मित्र ने नया मकान खरीदा है गृह - प्रवेश के अवसर पर आपको निमंत्रण भेजा है, किंतु आप किसी कारण से जाने में असमर्थ हैं । पत्र द्वारा शुभकामनाएं व्यक्त कीजिए । (6)

(अथवा )

अपने छोटे भाई को कुसंगति की हानियाँ बताते हुए एक पत्र लिखिए ।

18. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य/ घटना का वर्णन अपनी कल्पना शक्ति के आधार पर कीजिए जिसका सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए । (5)



19. अपनी परीक्षा की तैयारी के संदर्भ में अपने एक सहपाठी से होने वाले संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए । (5)

( अथवा )

डॉक्टर तथा मरीज के बीच होने वाले संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए ।

B-9